हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान पूरे देश में राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे और कोई भी सरकारी कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे। विदेशों में स्थित सभी भारतीय मिशनों और दूतावासों में भी अंतिम संस्कार के दिन राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे।डॉ मनमोहन सिंह ने 92 वर्ष की उम्र में कल दिल्ली में आखिरी सांस ली. उनके निधन की सूचना से देश में शोक की लहर दौड़ पड़ी. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से लेकर देश के कई बड़े नेताओं और हस्तियों ने मनमोहन सिंह के निधन पर दुख जताया है। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भी उनके निधन पर सवेंदना व्यक्त की।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है ।चंडीगढ़ में जारी शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन से देश ने न केवल एक कुशल राजनीतिक बल्कि देश सेवा के लिए समर्पित व्यक्तित्व और कुशल अर्थशास्त्री को खोया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के एक साधारण से परिवार एवं छोटे से गांव से भारत के अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री बनने का सफर उनके समर्पण

व देश की सेवा को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी को हमेशा ही सादगी और विद्वता के लिए याद किया जाएगा। देश के विकास के लिए किए गए आर्थिक फैसलों में उनका योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।

मुख्यमंत्री ने परमात्मा से प्रार्थना की है कि इस दुःख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को यह दुःख सहने का संबल प्रदान करे और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

****

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा में नए जिले, उपमंडल तथा तहसील बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित समिति की दूसरी बैठक जल्द होगी।श्री पंवार कल हिसार में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक लेने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समिति को कई नए जिले, उपमंडल बनाने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें एक प्रस्ताव हांसी को जिला बनाने का भी है। उन्होंने बताया कि समिति की एक बैठक हो चुकी है। नए जिले बनाने के लिए 20 बिंदु निर्धारित किए गए थे, समिति द्वारा उन सभी पर चर्चा की जा चुकी है।